भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4582

23 मार्च, 2021 को उत्तर देने के लिए

खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं

4582. श्रीमती शारदा अनिल पटेलः
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा आज की तिथि तक कितनी खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को अनुदान दिया गया है;
(ख) प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत वर्ष 2016 से खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को कुल कितनी निधि संवितरित की गई है; और
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत ऐसी कितनी खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को अनुदान दिया जाता है और राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा कितनी प्रयोगशालाओं का प्रत्यायन नहीं किया गया है ?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): जी हां, एक सौ इक्कहत्तर (171) खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं जिन्होंने आज तक खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा अनुदान सहायता प्राप्त की है।

(ख): प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत 2016 से खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को कुल 108.84 करोड़ रुपए संवितरित किए गए हैं।

(ग): 171 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में से जिन्होंने अनुदान सहायता प्राप्त की थी, 65 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को नेशनल एक्रीडिशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेट्रीज के द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की गई है।

*****